अमर उजाला 06/12/2024

ऑनलाइन सेमिनार में लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद प्रतिभागी व अन्य। कॉलेज

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के एमसीए विभाग की छात्राओं ने बहुविषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभागिता की। यह सेमिनार गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज संतपुरा यमुनानगर की ओर से करवाया गया।

एमसीए प्रथम वर्ष की रितिका सैनी, गुरप्रीत कौर और स्मृति मान ने डॉ. गीता कौशिक की देखरेख में एक्सप्लेनेबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर समीक्षा पत्र प्रस्तुत किया। जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आने वाली कार्यप्रणाली और चुनौतियों के बारे में बात की। छात्रों को आयोजकों की ओर से सराहना मिली और उन्हें भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

इसी तरह फिट इंडिया अभियान के तहत स्वस्थ नागरिक स्वस्थ भारत पर व्याख्यान करवाया गया। इसमें पौष्टिक आहार, व्यायाम एवं योग, एकाग्रता, संयम के महत्व को आरेखित किया गया। इसके अलावा उगाड़ा गांव में ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम करवाया गया।

कार्यक्रम में गांव के विद्यार्थियों को उचित एवं सुगम तरीके से ज्ञान प्रदान किया गया। वहीं, कॉलेज में सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया। यह अभियान जेंडर मुद्दों और समानता को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया।

इसके अलावा कॉलेज में विद्यार्थियों को श्रीमद् भगवत गीता के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से एक समूह चर्चा का आयोजन किया। चर्चा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता के धार्मिक पहलुओं से परिचित कराना था।